आदर्श कॉलेज, राजधनवार, गिरिडीह

B.A (2017-20)

विषय - हिन्दी

समसत्र - VI[th]

पत्र - XIII[th] (जनसंचार)

सहायक प्राध्यापक(अनु)- मनोज कुमार महतो

1

Scanned with CamScanner

प्रश्न - जनसंचार क्या है? टिप्पणी करें।

उत्तर - जब हम व्यक्तियों के समूह के साथ प्रत्यक्ष संवाद के बजाय किसी तकनीकी या यांत्रिक माध्यम के जरिये समाज के एक विशाल वर्ग से संवाद कायम करने की कोशिश करते हैं, तो उसे जनसंचार कहते है। जनसंचार में भावों, विचारों, संदेशों का प्रेषण व्यापक जन समुदाय के बीच होता है। जनसंचार को अंग्रेजी में 'mass communication' कहा जाता है, जिसका अभिप्राय है - व्यापक मात्रा में अथवा बिखरे हुए लोगों तक संचार माध्यम द्वारा संदेश या सूचना पहुँचाना है।

जनसंचार एक सामासिक शब्द है। विग्रह के आधार पर इसका अर्थ होता है वह जो जन में संचरण करे अथवा जिसका जन में संचरण हो। संचार में जिस तरह से संस्कृत का 'चर' धातु है, वहीं 'सम' उपसर्ग भी है। 'चर' धातु का अर्थ चलना, आगे बढ़ना और 'सम' उपसर्ग सम्यक का बोधक है। शाब्दिक अर्थ के दृष्टि से जनसंचार शब्द, जन (जनता के मध्य) + संचार (किसी बात को उन तक पहुँचाना) के योग से बना है। यानि जनसंचार के माध्यम से विविध प्रकार की सूचना, विचार आदि एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाते है।

संचार प्रक्रिया जितनी प्राचीन है

जनसंचार उतना ही नवीन है। इसका अर्थ यह हुआ कि जनसंचार वह प्रक्रिया है जिसमें यांत्रिक माध्यमों द्वारा सूचनाओं को अनेक लोगों तक पहुँचाया जाता है। जैसे- समाचार पत्र, रेडियो, टीवी, कंप्यूटर, इंटरनेट, मोबाइल आदि। हमें जनसंचार के माध्यम से दुनिया के किसी भी कोने की सूचना तुरंत प्राप्त हो जाती है। जनसंचार के आधुनिक माध्यमों में इंटरनेट एक ऐसा माध्यम है जिसके जरिये क्षण भर में दुनिया के किसी भी भाग में घटित घटना को जान सकते है। जनसंचार के माध्यम से संदेश, सूचना, विचार आदि को व्यापक जनसमुदाय के बीच आसानी से पहुँचाया जाता है।

* * *

Scanned with CamScanner

स्नातक ...
समसत्र - VI
पत्र - 13
जनसंचार

Date :
Page : 1

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1 'संचार' शब्द किस धातु से बना है?
क. चर ख. श्रम
ग. चल घ. इनमें से कोई नहीं
उत्तर - क. चर

2. भारत में सर्वप्रथम कौन-सा समाचार पत्र प्रकाशित हुआ?
क. उदंत मार्तंड ख. बंगाल गजट
ग. बनारस अखबार घ. इनमें से कोई नहीं
उत्तर - ख. बंगाल गजट

3. हिन्दी का पहला समाचार पत्र कौन सा था?
क. उदंत मार्तंड ख. सरस्वती
ग. बनारस अखबार घ. समाचार सुधावर्षण
उत्तर - क. उदंत मार्तंड

4. 'बंगाल गजट' पत्रिका के संपादक कौन थे?
क. जेम्स ऑगस्ट हिकी ख. जुगल किशोर
ग. श्याम सुंदर दास घ. इनमें से कोई नहीं
उत्तर - क. जेम्स ऑगस्ट हिकी

5. 'उदंत मार्तंड' पत्रिका के संपादक कौन थे?
क. पं. जुगल किशोर ख. श्याम सुंदर दास
ग. बाल कृष्ण भट्ट घ. इनमें से कोई नहीं
उत्तर - क. पंडित जुगल किशोर

Scanned with CamScanner

Date :
Page : 2

6\. जनसंचार माध्यम को कितने वर्गों में विभाजित किया गया है?
क. एक ख. दो
ग. तीन घ. चार
उत्तर - ग. तीन

7\. इनमें से कौन सा वर्ग जनसंचार माध्यम के अंतर्गत आता है?
क. परंपरागत माध्यम ख. मुद्रण माध्यम
ग. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम घ. इनमें से सभी
उत्तर - घ. इनमें से सभी

8\. इनमें से कौनसा परंपरागत जनसंचार माध्यम नहीं है?
क. नृत्य ख. संगीत
ग. रामलीला घ. रेडियो
उत्तर - घ. रेडियो

9\. इनमें से कौनसा मुद्रण जनसंचार माध्यम नहीं है?
क. समाचार पत्र ख. किताब
ग. बैनर घ. टीवी
उत्तर - घ. टीवी

10\. इनमें से कौनसा इलेक्ट्रॉनिक जनसंचार माध्यम नहीं है?
क. टीवी ख. कंप्यूटर
ग. रेडियो घ. अखबार

Scanned with CamScanner

उत्तर - घ. अखबार

11. मुद्रण का विकास सर्वप्रथम किस देश में हुआ?

क. भारत ख. चीन

ग. अमेरिका घ. जापान

उत्तर - ख. चीन

12. भारत में सबसे पहले छापाखाना किस शहर में खोला गया?

क. दिल्ली ख. मुंबई

ग. गोवा घ. कोलकता

उत्तर - ग. गोवा

13 रेडियो का आविष्कार किसने किया?

क. जी. मार्कोनी ख. जॉन एल. बेयर्ड

ग. चार्ल्स बैबेज घ. इनमें से कोई नहीं

उत्तर - क. जी. मार्कोनी

14. 'ऑल इंडिया रेडियो' की स्थापना कब हुई?

क. 1930 ई. ख. 1936 ई.

ग. 1945 ई. घ. 1947 ई.

उत्तर - ख. 1936 ई.

15. इनमें से कौन श्रव्य जनसंचार का माध्यम है?

क. रेडियो ख. टीवी

ग. कंप्यूटर घ. इनमें से कोई नहीं

उत्तर - क. रेडियो

Scanned with CamScanner

आदर्श कॉलेज राजधनवार गिरिडीह

B.A (2017-20)

विषय - हिन्दी

समसत्र - VI th

पत्र - XIII th (अलंकार)

सहायक प्राध्यापक (अनु) - सुनील कुमार महतो

2

Scanned with CamScanner

SET - 2

प्रश्न - इलेक्ट्रॉनिक जनसंचार पर संक्षिप्त टिप्पणी करें।

उत्तर :- इलेक्ट्रॉनिक जनसंचार संचार का वह माध्यम है जिसमें प्रत्यक्ष संवाद न करके किसी संदेश, सूचना, भावों की अभिव्यक्ति किसी यांत्रिक मशीन द्वारा विशाल वर्ग/जन समुदाय के बीच पहुँचाया जाता है, तो वह इलेक्ट्रॉनिक जनसंचार कहलाता है। इलेक्ट्रॉनिक जनसंचार आधुनिक जनसंचार माध्यमों का महत्वपूर्ण साधन है। इलेक्ट्रॉनिक जनसंचार माध्यमों में रेडियो, टीवी, सिनेमा, मोबाइल, कंप्यूटर आदि प्रमुख साधन है। जनसंचार का रूप चाहे श्रव्य हो, या दृश्य या फिर दृश्य-श्रव्य प्रत्येक दशा में भाषा का सहारा लिया जाता है। सूचनाओं को उचित ढंग से प्रस्तुत करने के लिए स्पष्ट अभिव्यक्ति का होना आवश्यक है।

इलेक्ट्रॉनिक जनसंचार माध्यमों में सबसे पहले रेडियो का आविष्कार हुआ। जनसंचार के क्षेत्र में पत्र-पत्रिकाओं के बाद जिस माध्यम ने दुनिया को अधिक प्रभावित किया वह रेडियो है। यह एक ऐसा माध्यम है जो अदृश्य विद्युत चुंबकीय तरंगों द्वारा संदेश को एक स्थान से दूसरे स्थान तक प्रेषित करता है। सूचना, मनोरंजन, शिक्षा आदि के प्रसारण क्षेत्र में इस माध्यम ने अधिक ख्याति अर्जित की है।

Scanned with CamScanner

इलेक्ट्रॉनिक जनसंचार माध्यम का दूसरा प्रमुख साधन टेलीविजन है। टेलीविजन एक दृश्य-श्रव्य माध्यम है जिसे न केवल सुना जाता है बल्कि दृश्य को देखकर यथार्थ का बोध होता है। भारत में टेलीविजन की शुरुआत यूनेस्को की एक शैक्षिक परियोजना के तहत 15 सितंबर 1959 ई को हुई थी। इसका मकसद टेलीविजन के जरिए शिक्षा और सामुदायिक विकास को प्रोत्साहित करना था। जहाँ पत्र-पत्रिकाओं को पढ़ने के लिए साक्षर होना आवश्यक है, वहीं टेलीविजन से सूचना साक्षर और निरक्षर सभी लोग समान रूप से प्राप्त करते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक जनसंचार माध्यमों में सिनेमा का भी महत्वपूर्ण स्थान है। सिनेमा में परंपरागत कला रूपों के साथ-साथ आधुनिक कलाओं का भी समावेश होता है। कथा, संवाद, अभिनय, संगीत आदि कई विधाओं और कलाओं की अभिव्यक्ति इस माध्यम से संभव है। सिनेमा मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार करता है और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में योगदान देता है। सिनेमा के अलावा कंप्यूटर, मोबाइल और इंटरनेट बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण जनसंचार माध्यम है। जिसके माध्यम से कोई भी कार्य बड़ी आसानी किया जाता है। इन साधनों के माध्यम से दुनिया मुट्ठी में हो गई है।

* * *

Set - 2

विषय - हिन्दी
Sem - VI th
Paper - XIII th

Date:
Page:

1. टेलीविजन का आविष्कार किसने किया ?

क. जी. मार्कोनी ख. जॉन एल. बेयर्ड
ग. चार्ल्स बैबेज घ. टीम बर्नर्स ली

उत्तर - ख. जॉन एल बेयर्ड

2. भारत में टेलीविजन की शुरुआत कब हुई ?

क. 15 अगस्त 1947 ई. ख. 15 सितंबर 1959
ग. 15 जून 1960 घ. 16 मई 1950

उत्तर - ख. 15 सितंबर, 1959 ई.

3. टेलीविजन किस प्रकार का माध्यम है ?

क. दृश्य ख. श्रव्य
ग. दृश्य-श्रव्य घ. इनमें से कोई नहीं

उत्तर - ग. दृश्य-श्रव्य

4. टेलीविजन कब तक आकाशवाणी का हिस्सा था ?

क. 1970 ख. 1975
ग. 1976 घ. 1980 ई.

उत्तर - ग. 1976

5. टेलीविजन का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

क. सूचना प्रदान करना ख. शिक्षा
ग. मनोरंजन घ. इनमें से सभी

उत्तर - घ. इनमें से सभी

Scanned with CamScanner

Date :
Page :

किसे माना जाता है?

6. सिनेमा का जनक

क. दादा साहेब फाल्के   ख. ओम पुरी

ग. राजेश खन्ना   घ. जे.एफ. मदान

उत्तर - क. दादा साहेब फाल्के

7. भारत में प्रथम फिल्म कौन सी बनी ?

क. राजा हरिश्चंद्र   ख. आलम आरा

ग. इंद्रसभा   घ. किसान कन्या

उत्तर :- क. राजा हरिश्चंद्र

8. भारत में प्रथम बोलती फिल्म कौन सी बनी ?

क. आलम आरा   ख.) कुइली

ग. राजा हरिश्चंद्र   घ. इनमें से कोई नहीं

उत्तर - क. आलम आरा

9. सिनेमा किस प्रकार का माध्यम है?

क. दृश्य   ख. श्रव्य

ग. दृश्य-श्रव्य   घ. इनमें से कोई नहीं

उत्तर - ग. दृश्य-श्रव्य

10. 'समाचार पत्र' जन संचार का कौन सा माध्यम है?

क. मुद्रण   ख. इलेक्ट्रॉनिक

ग. परंपरागत   घ. इनमें से कोई नहीं

उत्तर :- क. मुद्रण

आदर्श कॉलेज, राजधनवार, गिरिडीह

B.A (2017-20)

विषय - हिन्दी

समसत्र - VIth

पत्र - XIIIth (जनसंचार)

सहायक प्राध्यापक (अनु.) - सुनोज कुमार महतो

3

Scanned with CamScanner

प्रश्न - मुद्रण जनसंचार माध्यम पर संक्षिप्त टिप्पणी करें।

उत्तर :- जनसंचार माध्यमों में मुद्रित शब्दों का महत्वपूर्ण स्थान है। मुद्रित का अर्थ है वह सामग्री जो मशीनों द्वारा मुद्रित की गयी हो। अर्थात मुद्रण जनसंचार वह माध्यम है जो मशीनों द्वारा किसी न किसी रूप में छापी जाती है। मुद्रण जनसंचार को अंग्रेजी में 'प्रिंट मीडिया' कहा जाता है। मुद्रण जनसंचार से समाचार या सूचना प्राप्त करने के लिए शिक्षित होना आवश्यक है। मुद्रण जनसंचार के अंतर्गत समाचार पत्र, पुस्तक, पत्रिकाएँ, बैनर, पम्फलेट, होर्डिंग आदि माध्यम आते हैं।

समाचार पत्र का मुद्रण जनसंचार माध्यम में महत्वपूर्ण स्थान है। जनता तक अपनी बात पहुँचाने में समाचार पत्र की अहं भूमिका है। जनसंचार के क्षेत्र में दैनिक समाचार पत्र की अग्रणी भूमिका है। इसमें संपादकीय टिप्पणी के साथ-साथ खेल-कूद शेयर बाजार, सिनेमा समाचार सहित अन्य महत्वपूर्ण पठनीय सामग्रियाँ उपलब्ध होती हैं।

मुद्रण जनसंचार का प्रमुख माध्यम पुस्तक भी है। भाषा और लिपि के विकास के साथ संचार के माध्यम बदलने लगे। मुद्रण कला के विकास के पूर्व पुस्तकें भोज

Scanned with CamScanner

पत्रों में लिखी जाती थी। मुद्रित की पहली पुस्तक गुटेनबर्ग कृत बाईबिल को माना जाता है। आज ऐसा कोई विषय नहीं है जिस पर पुस्तक न छपी हो। प्राचीन काल की सांस्कृतिक परंपरा को संजोए रखने का काम पुस्तकें कर रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में पुस्तकें जनसंचार का शाश्वत माध्यम बना हुआ है।

पत्र-पत्रिकाएँ भी जनसंचार माध्यम का महत्वपूर्ण अंग है। समाचार पत्र और पत्रिका में विशेष मूलभूत अंतर यह है कि समाचार पत्र में जहाँ वैचारिक पक्ष पर अधिक बल दिया जाता है वहीं पत्रिका में बौद्धिक चिंतन, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं मनोवैज्ञानिक विकास पर बल देती है। आज भी अनेक पत्रिकाएँ प्रकाशित हो रही है। जैसे- आजकल वागर्थ हंस आदि। वर्तमान समय में बहुत सारी पत्रिकाएँ इंटरनेट द्वारा प्रकाशित हो रही है।

इनके मुद्रित जनसंचार माध्यमों के अलावा भी पम्फलेट, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग का महत्वपूर्ण स्थान है। जिसके माध्यम से सूचनाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाया जाता है।

* * *

Date :
Page :

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. 'पत्रिका' जनसंचार का कौन सा माध्यम है?

क. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम ख. मुद्रण माध्यम
ग. परंपरागत माध्यम घ. इनमें से कोई नहीं

उत्तर - ख. मुद्रण माध्यम

2. इनमें से कौन सा मुद्रण जनसंचार का माध्यम नहीं है?

क. होर्डिंग ख. समाचार पत्र
ग. पत्रिका घ. रेडियो

उत्तर - घ. रेडियो

3. 'समाचार पत्र' से सूचना प्राप्त करने के लिए क्या होना आवश्यक है?

क. शिक्षित ख. अशिक्षित
ग. चालाक घ. इनमें से कोई नहीं

उत्तर - क. शिक्षित

4. इनमें से कौन सा मुद्रण जनसंचार का माध्यम है?

क. सिनेमा ख. कंप्यूटर
ग. मोबाइल घ. किताब

उत्तर - घ. किताब

5. हिन्दी का 'प्रथम' दैनिक समाचार पत्र' कौन सा था?

क. बनारस अखबार ख. समाचार सुधावर्षण

ग. सरस्वती घ. उदंत मार्तंड

उत्तर - ख. समाचार सुधावर्षण

6. 'मोबाइल' किस प्रकार का जनसंचार माध्यम है?

क. मुद्रण ख. इलेक्ट्रॉनिक

ग. परंपरागत घ. इनमें से कोई नहीं

उत्तर- ख. इलेक्ट्रॉनिक

7. 'कंप्यूटर' का जनक किसे माना जाता है?

क. चार्ल्स बैबेस ख. जी. मार्कोनी

ग. जॉन. एल. बेयर्ड घ. इनमें से कोई नहीं

उत्तर- क. चार्ल्स बैबेज

8. 'कंप्यूटर' का हिन्दी नाम क्या है?

क. गणना ख. संगणक

ग. जोड़ना घ. इनमें से कोई नहीं

उत्तर- ख. संगणक

9. 'इंटरनेट' चलाने के लिए किन माध्यमों का होना जरूरी है?

क. स्मार्ट फोन ख. कंप्यूटर

ग. इंटरनेट कनेक्शन घ. इनमें से सभी

उत्तर - घ. इनमें से सभी

Scanned with CamScanner

10 इंटरनेट का हिन्दी नाम क्या है?

क. अंतर्जाल ख. तकनीकी

ग. माध्यम घ. इनमें से कोई नहीं

उत्तर - क. अंतर्जाल

Scanned with CamScanner